**अद्योहस्ताक्षरी की अध्यक्षता में दिनाँक 12-08-2026 को आयोजित जल जीवन मिशन कार्यक्रम फेज-2, फेज-3 तथा पूर्व निर्मित ग्रामीण पेजयल योजनाओं के अनुरक्षण, रख-रखाव एवं संचालन के अन्तर्गत कराये जा रहे कार्यों की समीक्षा बैठक का कार्यवृत्तः-**

जिलाधिकारी महोदय के निर्देशानुसार अद्योहस्ताक्षरी की अध्यक्षता में दिनांक 12-08-2026 को सांय 06:30 बजे जल जीवन मिशन कार्यक्रम फेज-2, फेज-3 अन्तर्गत फर्म क्रमशः मै० ऑयन एक्सचेंज इण्डिया लि०, मै० बी०जी०सी० सी०पी०एल० रामकी (जे०वी०), दिल्ली द्वारा पेयजल योजनाओं के पुनर्गठन/निर्माण संबंधी कार्यों तथा पूर्व निर्मित पेयजल योजनाओं के अनुरक्षण, रख-रखाव एवं संचालन हेतु चयनित फर्म मै० प्रवीन इलेक्ट्रिकल्स प्रा०लि०, मुम्बई द्वारा कराये जा रहे कार्यों की समीक्षा हेतु बैठक आयोजित की गयी।

**बैठक में उपस्थिति निम्नानुसार रही –**

1. श्री मोहित कुमार, अधिशासी अभियन्ता, उ०प्र० जल निगम (ग्रामीण), हाथरस।
2. श्री चन्द्रपाल सिंह, सहायक अभियन्ता, उ०प्र० जल निगम (ग्रामीण), हाथरस।
3. श्री विकास वर्मा, सहायक अभियन्ता, (SWSM) उ०प्र० जल निगम (ग्रामीण), हाथरस।
4. श्री दिनेश बनसोड, डी०पी०एम०, टी०पी०आई० आरवी एसोसियेट, हाथरस।
5. श्री अंकित सिंह, डी०टी०एल०, टी०पी०आई०ए० (ओ०एण्ड०एम०), आरवी एसोसियेट, हाथरस।
6. श्री दिलशाद खान, जिला समन्वयक, डी०पी०एम०यू०, हाथरस।
7. श्री केतन यादव,साइट इंजीनियर, मै० ऑयन एक्सचेंज इण्डिया लि०, हाथरस।
8. श्री अनिल कुमार सिंह, ए०जी०एम०, मै० बी०जी०सी०सी०पी०एल० रामकी (जे०वी०), हाथरस।
9. श्री अरविन्द्र यादव, एस0एम0, मै0 प्रवीन इलेक्ट्रिकल्स, मुम्बई।

**आयोजित समीक्षा बैठक में निम्नानुसार फेजवार समीक्षा की गयी :–**

1. **जल जीवन मिशन कार्यकम फेज–2:**:– समीक्षा के दौरान अधिशासी अभियन्ता, उ०प्र० जल निगम (ग्रामीण), हाथरस द्वारा अवगत कराया गया कि जनपद में जल जीवन मिशन कार्यक्रम फेज–2 के अन्तर्गत चयनित फर्म मै० ऑयन एक्सचेंज इण्डिया लि० द्वारा 28 नग पेयजल योजनाओं (102 राजस्व ग्राम) पर पुनर्गठन सम्बन्धी कार्यों के अन्तर्गत 92 नग नलकूप के सापेक्ष 89 नग नलकूप, 92 नग पम्प हाउस के सापेक्ष 63 नग पम्प हाउस, 81 नग बाउन्ड्रीबॉल के सापेक्ष 62 नग बाउन्ड्रीबॉल, 81 नग शिरोपरि जलाशय के सापेक्ष 27 नग जलाशय, 843 कि0मी0 वितरण प्रणाली के सापेक्ष 774 कि0मी0 वितरण प्रणाली, 47645 नग गृह जल संयोजन के सापेक्ष 43223 नग गृह जल संयोजन का कार्य पूर्ण करा दिया गया है। साथ ही 102 नग राजस्व ग्रामों के सापेक्ष 61 नग ग्रामों में नियमित पेयजल आपूर्ति की जा रही है।

अद्योहस्ताक्षरी द्वारा जल जीवन मिशन कार्यक्रम फेज–2 के अन्तर्गत कराये जा रहे कार्यों की धीमी प्रगति पर नाराजगी व्यक्त करते हुए फर्म के प्रतिनिधि को कार्यों को दृष्टिगत रखते हुए पयाप्त एवं प्रशिक्षित मैनपावर तैनात कर कार्यों की प्रगति बढ़ाते हुए कार्यों को समयान्तर्गत पूर्ण कराने के निर्देश प्रदान किये गये। साथ ही अधिशासी अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रा0) को पेयजल योजनाओं की योजनावार वित्तीय एवं भौतिक प्रगति तैयार कर आगामी बैठक में प्रस्तुत करने हेतु निर्देशित किया गया।

2. **जल जीवन मिशन कार्यकम फेज–3:**– समीक्षा के दौरान अधिशासी अभियन्ता, उ०प्र० जल निगम (ग्रामीण), हाथरस द्वारा अवगत कराया गया कि जनपद में जल जीवन मिशन कार्यक्रम फेज–3 के अन्तर्गत चयनित फर्म मै० बी०जी०जी०सी०पी०एल रामकी (जे०वी०) दिल्ली द्वारा 252 नग पेयजल योजनाओं (496 राजस्व ग्राम) पर निर्माण सम्बन्धी कार्यों के अन्तर्गत 363 नग नलकूप के सापेक्ष 307 नग नलकूप, 363 नग पम्प हाउस के सापेक्ष 249 नग पम्प हाउस, 363 नग बाउन्ड्रीबॉल के सापेक्ष 142 नग बाउन्ड्रीबॉल, 255 नग शिरोपरि जलाशय के सापेक्ष 114 नग जलाशय, 2655 कि0मी0 वितरण प्रणाली के सापेक्ष 2130 कि0मी0 वितरण प्रणाली, 160570 नग गृह जल संयोजन के सापेक्ष 84977 नग गृह जल संयोजन का कार्य पूर्ण करा दिया गया है। साथ ही 496 नग राजस्व ग्रामों के सापेक्ष 178 ग्रामों में नियमित पेयजल आपूर्ति की जा रही है एवं 496 नग राजस्व ग्रामों के मार्ग पुर्नस्थापना के लक्ष्य के सापेक्ष 323 नग ग्रामों में मार्ग पुर्नस्थापना का कार्य करा दिया गया है।

अद्योहस्ताक्षरी द्वारा जल जीवन मिशन कार्यकम फेज–3 के अन्तर्गत कराये जा रहे कार्यों की धीमी प्रगति पर नाराजगी व्यक्त करते हुए फर्म के प्रतिनिधि को कार्यों को दृष्टिगत रखते हुए पर्याप्त एवं प्रशिक्षित

मैनपावर तैनात कर कार्यों की प्रगति बढ़ाते हुए कार्यों को समयान्तर्गत पूर्ण कराना के निर्देश प्रदान किये गये। साथ ही अधिशासी अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रा0) को पेयजल योजनाओं की योजनावार वित्तीय एवं भौतिक प्रगति तैयार कर आगामी बैठक में प्रस्तुत करने हेतु निर्देशित किया गया।

**3. पूर्व निर्मित पेयजल योजनाओं के अनुरक्षण एवं रख–रखाव संबंधी कार्य** :– समीक्षा के दौरान अधिशासी अभियन्ता, उ०प्र० जल निगम (ग्रामीण), हाथरस द्वारा अवगत कराया गया कि जनपद में पूर्व निर्मित पेयजल योजनाओं के अनुरक्षण एवं रख–रखाव हेतु चयनित फर्म मै० प्रवीन इलेक्ट्रिकल्स मुम्बई द्वारा 39 नग पेयजल योजनाओं (47 राजस्व ग्राम) पर अनुरक्षण, संचालन एवं रख–रखाव सम्बन्धी कराये जा रहे हैं, 39 नग पेयजल योजनाओं में से 28 नग पेयजल योजनाओं पर आंशिक रूप से पेयजल आपूर्ति प्रारम्भ करा दी गयी हैं शेष 11 नग पेयजल योजनाओं पर पेयजल आपूर्ति प्रारम्भ कराये जाने हेतु कार्य प्रगति पर है। उक्त के अतिरिक्त यह भी अवगत कराया गया कि पूर्व निर्मित पे0यो0 पर मरम्मत के कार्य हेतु प्राक्कलन की स्वीकृति शासन स्तर से होना शेष है प्राक्कलन की स्वीकृति उपरान्त मरम्मत के कार्य प्रारम्भ करा दिये जायेंगे वर्तमान में पे0यो0 पर आंशिक रूप से पेयजल आपूर्ति की जा रही है, जिस पर अद्योहस्ताक्षरी द्वारा कराये जा रहे कार्यों की प्रगति को बढ़ाये जाने के निर्देश भी प्रदान किये गये।

बैठक के अन्त में अधोहस्ताक्षरी अधिशासी अभियन्ता, उ0प्र0ज0नि0(ग्रा0) को निर्देश प्रदान किये गये सभी सहायक अभियन्ता 5–5 ग्रामों का भ्रमण करेंगे साथ ही समस्त संबंधित को बैठक में दिये गये निर्देशों का अक्षरशः पालन करने हेतु निर्देशित किया गया।

/

**(पी0एन0दीक्षित)**
मुख्य विकास अधिकारी
हाथरस

# कार्यालय मुख्य विकास अधिकारी, हाथरस।

पत्रांक 1695/ बैठक/ली.डी.को. 72 दिनांक 19-08-2026

**प्रतिलिपि निम्नलिखित की सेवा में सादर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित –**

1. अधिशासी निदेशक महोदय, राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, लखनऊ।
2. आयुक्त महोदया, अलीगढ़ मण्डल, अलीगढ़।
3. जिलाधिकारी महोदय, हाथरस।
4. जिला पंचायत राज अधिकारी, हाथरस।
5. अधिशासी अभियन्ता, उ०प्र० जल. निगम (ग्रामीण), हाथरस।
6. जिला समन्वयक, मैचज टैक्नो कॉन्सेप्ट (डी०पी०एम०यू०), हाथरस।
7. डी०पी०एम०, टी0पी0आई0, हाथरस।
8. परियोजना प्रबंधक, मै० ऑयन एक्सचेंज इण्डिया लि०, हाथरस।
9. डी०जी०एम०, मै० बी०जी०सी०सी०पी०एल० रामकी (जे०वी०), हाथरस।
10. परियोजना प्रबंधक, मै० प्रवीन इलेक्ट्रिकल्स प्रा०लि०, हाथरस।

मुख्य विकास अधिकारी
हाथरस